
# जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा जयंती

नवभारत न्यूज

**पन्ना 15 नवंबर। भगवान बिरसा मुण्डा ने अल्पायु में ही अपने महान कार्यों की बदौलत महापुरुष का दर्जा हासिल किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में देश की आजादी के आंदोलन में बड़ी भूमिका निभाई। जनजातीय समाज के व्यक्तियों को एकजुट कर समाज सुधार की मुहिम भी शुरू की। यह बात पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने शनिवार को पवई विकासखंड के ग्राम कल्दा में जनजातीय गौरव दिवस समारोह के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से कही।**

भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 15 नवम्बर को इस वर्ष भी विकासखंड मुख्यालयों सहित ग्राम पंचायत स्तर तक उत्साहपूर्वक मनाई गई। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने मुख्य समारोह में उपस्थितजनों को भगवान बिरसा मुण्डा जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दीं और कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कल्दा में मुख्य समारोह का आयोजन सराहनीय पहल है। पहले विकास की मुख्य धारा से अछूता यह क्षेत्र अब तरक्की की ओर अग्रसर है। कल्दा और श्यामगिरी क्षेत्र में पर्यटन की व्यापक संभावनाएं हैं। झारखंड के खूंटी में जन्में बिरसा मुण्डा कुशाग्र बुद्धि के थे।

मिशनरी स्कूल में पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने आदिवासी समाज के भाइयों के संघर्ष में सहयोग का बीड़ा उठाया और वापस अपने गांव लौटकर समाज के लोगों को कुरीतियों तथा भेदभाव समाप्त करने की दिशा में जागरूक किया। जल, जंगल और जमीन की देखभाल और संरक्षण के संकल्प के साथ जमींदारी प्रथा के विरोध में तथा समाज सुधार आंदोलन का भी नेतृत्व कर चेतना की अलख जगाई।

स्थानीय विधायक प्रहलाद लोधी ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा सहित लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के एक साथ आयोजन से देश गौरवान्वित है। विधायक ने कहा कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

निरंतर जनहितैषी कार्यों से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। आदिवासी समुदाय के विकास व उत्थान सहित शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के बारे में अवगत कराया तथा नशामुक्त समाज बनाने का आह्वान किया। व्यसन और नशामुक्ति के लिए अन्य व्यक्तियों को भी प्रेरित करने की बात कही। पवई विधायक ने कल्दा में भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा भी की। जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्र कल्दा में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन क्षेत्रीयजनों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने संसाधनों के बेहतर उपयोग से विकास के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत बताई और रोजगारपरक एवं आजीविका गतिविधियों के माध्यम से मुर्गीपालन सहित अन्य स्वरोजगार से भी आदिवासी समुदाय के सशक्तिकरण का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने शैला नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। डिण्डौरी से आए कलाकारों के दल द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जनजातीय गौरव दिवस के मुख्य कार्यक्रम में कलेक्टर ऊषा परमार, जिला संयोजक जयप्रताप भदौरिया, जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे एवं जनपद पंचायत सीईओ अखिलेश उपाध्याय और अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी उपस्थित थे।



# बिरसा मुंडा जयंती पर वन विभाग ने सामुदायिक एवं बाल विकास गतिविधियाँ की

नवभारत न्यूज

**पन्ना 15 नवंबर। आज बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमण्डल के विभिन्न परिक्षेत्रों में जन-भागीदारी आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए।**

रैपुरा वन परिक्षेत्र में आदिवासी बहुल प्राथमिक विद्यालय बघनरवा में बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने हेतु फुटबॉल वितरित किए गए। इस अवसर पर परिक्षेत्र सहायक बगरौड अशोक पांडे एवं बीट गार्ड सतीश द्विवेदी उपस्थित रहे। शाहनगर वन परिक्षेत्र में वनरक्षक प्रेमनारायण वर्मा द्वारा ग्राम वन समिति विहारिया-2 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति वनीकरण योजना में कार्यरत श्रमिकों के साथ विरसा मुंडा जयंती मनाई गई। इस दौरान श्रमिकों के साथ केक काटकर जयंती समारोह आयोजित किया गया तथा उनके बच्चों को पेन, कॉपी, बैग और टॉफी वितरित किए गए। कार्यक्रम में बरगद का पौधा भी रोपित किया गया।

# थाना परिसर में फलदार वृक्षों के बाद फूलों का हो रहा वृक्षारोपण



नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 15 नवंबर। थाना परिषर अजयगढ़ में पूरा परिसर को हरा भरा करने के लिए थाना प्रभारी वखत सिंह द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है।**

पहले उन्होंने लगभग 1 वर्ष पूर्व फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण थाना परिसर के पूर्व दिशा की ओर किया गया था जिसमें आम आंवला जामुन कटहल अमरूद नींबू इत्यादि फलदार वृक्ष रोपित किए गए थे जिसकी तारबारी करके फलदार वृक्षों को सत प्रतिशत जीवित रहे जिसमें प्रतिदिन पुलिस के अधिकारी पुलिसकर्मी पानी देने देते रहे जिससे यह वृक्षारोपण पूर्णता सफल रहा उसके बाद थाना प्रभारी ने एसडीओपी ऑफिस के सामने थाना परिसर में ही फूलों के पौधे लगाकर वृक्षारोपण करना प्रारंभ किया जो काफी मात्रा में फूलों के रंग-बिरंगे गुलाब इत्यादि प्रजातियों के पौधे लगाए हैं।

उनका मानना है कि थाना परिसर में वृक्षारोपण में फलदार वृक्षों के साथ फूलदार वृक्ष भी हो जिससे थाना परिषर हरा-भरा सुन्दर रहे नगर निरीक्षक वखत सिंह ने बताया कि थाना परिसर में पश्चिम की ओर पड़े मैदान में भी तारबारी करवाई गई है और वहां भी धीरे-धीरे फलदार वृक्ष एवं अन्य दुर्लभ प्रजातियां का वृक्षारोपण किया जाएगा।

इस वृक्षारोपण व फूलदार पौधो को लगाने के लिए मैं स्वयं पौधे लाता हूं और मेरा अधीनस्थ अमला भी इस बगिया में सहयोग करता है कम से कम थाना परिसर में अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर थाना परिसर का खाली पड़ा स्थान को हरा-भरा करना मकसद है और इस मकसद को शीघ्र पूर्ण किया जाएगा।

# उत्तर वन मंडल की जैवविविधता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 25 से

## जैवविविधता बोर्ड और शिक्षा विभाग का संयुक्त आयोजन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 15 नवंबर। उत्तर वन मंडल के डीएफओ गर्वित गंगवार ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 25 नवंबर को जिला स्तरीय मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज 2025 का आयोजन मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल वन विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान किया जा रहा है।**

प्रथम चरण मे जिला स्तरीय क्विज 2025 प्रतियोगिता में पन्ना जिले के समस्त विद्यालयों (शासकीय / अशासकीय) के कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के अध्यनरत छात्र / छात्राऐं 03 सदस्यों की एक टीम बनाकर भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इच्छुक विद्यार्थियों के द्वारा निर्धारित प्रारूप पर जानकारी के साथ दिनांक 24 नवंबर तक पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण कराना अनिवार्य है।

पंजीयन का कार्य 25 नवंबर को 10 बजे से 12 बजे तक, क्विज प्रतियोगिता दोपहर 12.30 से 1.30 बजे तक तथा पुरस्कार वितरण 4 बजे से 5 बजे तक होगा जिसमें प्रथम पुरस्कार 15 सौ रूपये एवं स्वर्ण पदक/ट्राफी तथा प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार 1 हजार रूपये एवं स्वर्ण पदक/ट्राफी तथा प्रमाण पत्र, तृतीय पुरस्कार 500 रूपये एवं स्वर्ण पदक/ट्राफी तथा प्रमाण पत्र दिया जायेगा। इसी के साथ प्रतियोगिता का समापन हो जायेगा। प्रतियोगिता का दूसरा चरण राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा।

राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में जिले से प्रथम विजेता रही टीम द्वारा भाग लिया जावेगा एवं पंजीयन दिनांक 25 नवंबर से 30 नवंबर तक किया जावेगा। राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बोर्ड द्वारा निर्मित क्विज पोर्टल पर ऑनलाईन माध्यम से किया जावेगा। राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता हेतु जिले की प्रथम विजेता रही टीम को वनमण्डलाधिकारी द्वारा निर्धारित स्थान पर प्रतियोगिता के दिन दिनांक 12 दिसंबर को उपस्थित होना होगा।

राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता की प्रक्रिया का प्रशिक्षण जिला स्तरीय विजेता टीम को मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा प्रतियोगिता से पूर्व प्रदान किया जावेगा। जिसकी जानकारी वनमण्डलाधिकारी द्वारा संबंधित विजेता टीम के विद्यालय के प्राचार्य को दी जावेगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तीन टीमों का परिणाम प्रतियोगिता के दिन दिनांक 12 दिसंबर को ही बोर्ड की बेबसाईट पर उपलब्ध कराया जावेगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तीन टीमों को बोर्ड द्वारा भोपाल राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पुरूस्कार प्रदाय किये जावेंगे जिसमें प्रथम पुरूस्कार पुरूस्कार राशि रूपये 30,000 एवं स्वर्ण पदक/ ट्राफी तथा प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार 24 हजार रूपये एवं स्वर्ण पदक/ट्राफी तथा प्रमाण पत्र, तृतीय पुरस्कार 18 हजार एवं एवं स्वर्ण पदक/ट्राफी तथा प्रमाण पत्र दिये जायेंगे।

# बाघ से सरोकार अभियान के तहत युवाओं का पन्ना टाइगर रिजर्व में नेचर कैंप आयोजित



नवभारत न्यूज

**पन्ना 15 नवंबर। दक्षिण पन्ना वनमण्डल के पवई वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम वन समितियों के 30 युवाओं को आज जंगल दर्शन- बाघ से सरोकार अभियान के तहत पन्ना टाइगर रिज़र्व में नेचर कैंप का अवसर प्रदान किया गया।**

वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति ग्रामीण युवाओं में संवेदनशीलता विकसित करने तथा स्थानीय समुदाय और वनों के बीच बेहतर जुड़ाव स्थापित करने हेतु यह अभियान दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा काष्ठ लाभांश राशि से संचालित किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जंगल, वन्यजीव और पारिस्थितिकी के प्रति प्रेरित करना और संरक्षण की भावना को सुदृढ़ बनाना है।

कैंप के दौरान युवाओं को पन्ना टाइगर रिज़र्व में रोमांचक सफारी का अनुभव मिला, जिसमें बाघ, भालू, सांभर, चीतल, मोर सहित कई जंगली प्राणियों के दर्शन हुए। दोपहर के सत्र में सेवानिवृत्त भा.व.से. अधिकारी एवं वन्यप्राणी विशेषज्ञएच. एस. नेगी, पन्ना टाइगर रिज़र्व के फील्ड डायरेक्टर नरेश यादव, उप संचालक मोहित सूद, तथा अन्य अधिकारियों ने भी प्रतिभागियों से संवाद कर वन्यजीव संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह दक्षिण पन्ना की शाहनगर रेंज अंतर्गत ग्राम वन समितियों के युवाओं ने भी इसी अभियान के तहत नेचर कैंप में सहभागिता की थी। कैंप के समापन पर वनमण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा ने युवाओं से फीडबैक लिया और उनके उत्साह की सराहना की।

# सरस्वती ज्ञान मंदिर में मनाया गया बाल दिवस

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 15 नवंबर। सरस्वती ज्ञान मंदिर माधवगंज में बाल दिवस मनाया गया जिसमें जवाहरलाल नेहरू की छायाचित्र में विद्यालय के प्रबंधक राम प्रकाश यादव प्राचार्य मयंक तिवारी द्वारा माल्यार्पण कर अवीर लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं में प्रकाश डाला उनके बारे में रोचक बातें शिक्षकों ने छात्रों को बताई एवं बाल दिवस क्यों मनाया जाता है।**

इसके बारे में भी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को विस्तार से शिक्षकों ने बताया उसके पश्चात विद्यालय के नए भवन में सभी छात्राओं को ले जाकर पंडित जवाहरलाल नेहरू के विषय पर एक लेख लिखवाया गया जिसमें जिन छात्रों ने अच्छा लेख लिखा उनको पुरस्कृत किया गया एवं अन्य छात्र छात्राओं को भी सत्तावना पुरस्कार से नवाजा गया विद्यालय में अंग्रेजी मीनिंग का जवाबी कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने मीनिंग में भाग लेकर बौद्धिक ज्ञान बढ़ाया कार्यक्रम के अंत में खेल का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी छात्र छात्राओं ने विद्यालय के भाग लिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधक राम प्रकाश यादव मयंक तिवारी शिव नरेश यादव सुशील सरित दीपांजलि धनीराम रविंद्र सीमा स्नेहा नैसी लीला आकांक्षा निशी सोनी दीपेंद्र प्रियंका रागिनी प्रिया मैं नीलू शिवानी हीरा जगत राम महेश रामाधार अनीश राम जीवन अंकित आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# सलेहा में बिजली विभाग की छापेमारी, चोरी के 3 दर्जन प्रकरण दर्ज



नवभारत न्यूज

**सलेहा/पन्ना 15 नवंबर। सलेहा में बिजली चोरी रोकने के लिए पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता पन्ना प्रमोद गेड़ाम, कार्यपालन अभियंता पन्ना अमितेश मिश्रा के निर्देशानुसार 15 नवम्बर को सलेहा में सघन मास चेकिंग अभियान चलाया गया, इस अभियान के दौरान शुक्रवार को टीम ने सलेहा के कई घर और दुकानों में दबिश दी गई।**

इस दौरान लोग कटिया फंसाकर लीड काटकर बिजली का उपयोग करते पाए गए। टीम ने विद्युत अधिनियम 2003 के तहत 34 प्रकरण दर्ज किये गये। अभियान में शामिल टीम ने सलेहा वितरण केंद्र के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी की गई। सलेहा वितरण केंद्र अंतर्गत सलेहा नगर , पटना तमोली ,कठवरियां एवं सथनियां शामिल थे। टीम में विकास कुमार गुप्ता कनिष्ठ अभियंता, उमेश कुमार पाण्डेय कनिष्ठ अभियंता, राहुल चैरसिया कनिष्ठ अभियंता, सुनील वर्मा कनिष्ठ अभियंता द्वारा विद्युत चेकिंग के दौरान अवैध रूप से विद्युत प्रयोग करने वाले उपभोक्ताओं पर प्रकरण दर्ज किया गया एवं डोरी भी जप्त की गई। लंबित विद्युत बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेद किये गये। सघन चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है की वे अनाधिकृत रूप से बिजली का उपयोग न करें, वैध कनेक्शन का ही विद्युत् उपयोग करें और चोरी के खिलाफ सहयोग करें।

# सौंदर्यीकरण का इंतजार करता चंदेल कालीन प्राचीन तालाब



नवभारत न्यूज

**सलेहा/पन्ना 15 नवंबर। जनपद पंचायत गुनौर अन्तर्गत ग्राम पंचायत नचने में चंदेल कालीन प्रीचीन तालाब स्थित है इस तालाब का जल भराव क्षेत्र लगभग 6 हेक्टेयर से अधिक है,साथ ही तालाब में मत्स्य पालन किया जाता है, जिससे दर्जनों परिवारों का उदरपोषण होता है।**

यह ग्राम का इकलौता बड़ा तालाब है, जिसके पानी का उपयोग दैनिक जीवन में किया जाता था, और तालाब के समीप स्थित प्राचीन चैमुख नाथ शिव मंदिर में जल अभिषेक के लिए उपयोग किया जाता है, चैमुख नाथ मंदिर पुरातत्व विभाग के संरक्षण में मंदिर का रखरखाव हो रहा है, परन्तु प्राचीन तालाब का का रंग रखाव के आभाव में तालाब का पानी इतना साफ एवं स्वच्छ नहीं है की इसका दैनिक उपयोग किया जा सके, लेकिन गांव वासी तथा प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं को मजबूरन तालाब के पानी का उपयोग करना पड़ता है, तालाब का क्षेत्रफल 6 हेक्टेयर से है जिसके सीमांकन का कार्य न होने से गांव वालों ने शासन से सीमांकन की मांग की है साथ ही कहा गया की तालाब का क्षेत्रफल के अनुसार पानी अधिक मात्रा में नहीं पहुंच रहा जिसमें ग्राम वासियों को जलसंकट की स्थिति निर्मित होती है। नचने पंचायत के समीप भितरी मुटमुरु बांध का निर्माण हुआ था अगर उसका पानी तालाब में लाया जाये तो प्राचीन तालाब में पानी की कमी कभी नहीं होगी। जल संकट की समस्या से निजात मिल सकती है, गल्को नदी की दूरी तालाब से तीन किलोमीटर दूर स्थित है , चैमुख नाथ शिव मंदिर पर प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में माताएं,बहनें एवं क्षेत्र वासी जलाभिषेक करने जाते है, जिला प्रशासन को चाहिए की प्राचीन तालाब में किस सौंदर्यीकरण कर तालाब के अस्तित्व को। सुरक्षित करने की योजना बनाई जा सके।

### इनका कहना है

तालाब का नक्शे के आधार पर सीमांकन होना चाहिए, मेड बना कर तालाब का गहरी करण होने से श्रद्धालुओं को पानी पर्याप्त मात्रा में मिल सकेंगा।

**राम विश्वास कोल** ग्राम वासी नचने।

# स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं व कार्यक्रमों की कलेक्टर ने की समीक्षा



नवभारत न्यूज

**पन्ना 15 नवंबर। कलेक्टर पन्ना श्रीमति उषा परमार की अध्यक्षता में गत दिवस जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे अंतरविभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विभाग की विभिन्न योजनाओ एवं कार्यक्रमो के संबंध में निर्देश दिए कि समस्त गर्भवती माताओ का शत प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाये।**

समस्त पंजीकृत एएनसी की प्रसव तक निगरानी सुनिश्चित की जाए जिसमे चिकित्सीय जॉचो, स्वास्थ्य परामर्श के साथ जिले से बाहर जाने वाली समस्त गर्भवती महिलाओ का रिकार्ड संधारण किया जाए। शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए जिसके लिए स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के जिले, ब्लॉक एवं मैदानी स्तर तक के अधिकारियो एवं कर्मचारियो के द्वारा संयुक्त रूप से प्रयास किए जाए। एनआरसी में प्रतिमाह लक्ष्य् के विरूद्ध शतप्रतिशत कुपोषित बच्चो को भर्ती कराया जाए जिसकी संयुक्त रूप से जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास की है। शाहनगर एवं अमानगंज ब्लॉक में अधिक मातृ मृत्यु होने पर द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित सीएचओ, एएनएम, आशा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने एवं किसी भी स्त र पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए। मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु के प्रकरणो को गंभीरता से लेते हुए उन बिंदुओ पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए जिससे मृत्यु को रोका जा सके एवं भविष्य में ऐसी ह्रदय विदारक घटनाएं घटित न हो। मातृ स्वास्थ्य एवं शिशु स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार हेतु क्षेत्र में फैली भ्रांतियो को दूर करने हेतु विभागो द्वारा विभिन्न गतिविधियो के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने के निर्देश दिए गए। बच्चो को निमोनिया रोग से बचाव हेतु 12 नवंबर से संचालित सॉस अभियान में की जाने वाली गतिविधियों की सभी स्तरो पर जिम्मेदारी तय कर अभियान की सघन निगरानी के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन में विभाग की लंबित शिकायतो पर द्वारा अंसतोष व्यक्त किया गया एवं निम्न प्रदर्शन वाले ब्लॉक के बीएमओ को आगामी टीएल से पूर्व दो दिवसो में अधिकतम शिकायतो के निराकरण हेतु निर्देश दिए गए।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियो चालानी कार्यवाही, जागरूकता कार्यक्रम, शिक्षण संस्थानो एवं समस्त शासकीय कार्यालयो के नशा मुक्त क्षेत्र बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश नोडल अधिकारी को दिए गए। विभाग में संचालित परिवार कल्याण कार्यक्रम, एनसीडी, कुष्ठ कार्यक्रम, मलेरिया कार्यक्रम, आरबीएसके, टीबी, आशा कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की गई।

प्रति सप्ताह सेक्टर स्तर पर बैठको का आयोजन किया जाए जिसमे स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के जिले एवं ब्लॉक स्तर से अधिकारी/ कर्मचारी अनिवार्यता उपस्थित हो उक्ती निर्देश दिए गए। महोदया द्वारा निम्नर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियो को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया गया एवं स्थिति में सुधार न होने पर वेतन वृद्धि रोकने, निलंबन, पद से पृथक करने हेतु कड़ी चेतावनी दी गई।